तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

11 गांवों में पहुंचने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत

12 विद्यार्थियों ने बेस्ट ड्रामेबाज, फैंसी ड्रेस व थियेटर प्ले में दिखाई प्रतिभा


## खबर संक्षेप

### रास्ता बाधित करने पर चालक गिरफ्तार
**रेवाड़ी।** जीआरपी ने नारनौल रेलवे स्टेशन के मेन गेट पर थ्री व्हीलर लगाकर रास्ता रोकने के आरोप में चालक को काबू कर, उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। जीआरपी के अनुसार कोलियान मोहल्ला निवासी लोकेश ने अपना थ्री व्हीलर स्टेशन के मेन गेट पर खड़ा किया हुआ था। मना करने के बाद भी वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया। जीआरपी ने उसे काबू करके केस दर्ज कर लिया।

### घर के सामने खड़ी बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** एंप्लाइज कॉलोनी में रहने वाले मूल रूप से जींद के खेड़ा तलोडा निवासी एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में रामेश्वर ने बताया कि उसने अपनी बाइक मकान के सामने लॉक करके खड़ी की थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल
**रेवाड़ी।** जोनावास में सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस शिकायत में मुकेश कुमार ने बताया कि उसका पिता घर से प्लॉट की ओर जा रहा था। सड़क पार करते समय धारूहेड़ा की ओर से आ रही बाइक ने उसके पिता को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके पिता को काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी।

### दो स्थानों से ट्रांसफार्मर चोरी के केस दर्ज
**रेवाड़ी।** पुलिस ने दो स्थानों से बिजली ट्रांसफार्मर चोरी होने के केस दर्ज किए हैं। बिजली निगम के अधिकारी की शिकायत पर थाना धारूहेड़ा पुलिस ने मीरपुर से 10 केवी क्षमता का ट्रांसफार्मर चोरी होने का केस दर्ज किया है। दूसरी ओर चोर खिलीपुर गांव से 16 केवी क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### श्रमिक की मौत पर ठेकेदार पर केस दर्ज
**कोसली** निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर श्रमिक की मौत होने के मामले में पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। श्रमिक विनीत की गत वीरवार को लिफ्ट के पास पैर फिसलने से बेसमेंट में गिरने से मौत हो गई थी। उसके साले ने बिल्डिंग मालिक और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# समाजसेवा के क्षेत्र में चौ. मित्रसेन आर्य का बड़ा योगदानः चौहान


रेवाड़ी। चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करती वंदना पोपली व नवीन पोपली। फोटो :हरिभूमि


रेवाड़ी। चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते युद्धवीर फौगाट। फोटो :हरिभूमि

- आर्य समाज के पुरोधा का 'हरिभूमि' कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भावपूर्ण स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान ने कहा कि साधारण परिवार में पैदा हुए चौ. मित्रसेन आर्य ने न सिर्फ समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी बड़ी भूमिका अदा की। चौहान शुक्रवार को 'हरिभूमि' कार्यालय में आयोजित चौ. मित्रसेन आर्य की जयंती पर कार्यक्रम अपने विचार रख रहे थे। उन्होंने कहा कि चौ. मित्रसेन आर्य ने साधारण परिवार में जन्म लिया था। उन्होंने होश संभालते ही छोटा सा कारोबार शुरू करने के बाद उसे बड़े मुकाम तक पहुंचा दिया। बड़ी संख्या में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए। इसके बाद शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने शिक्षण संस्थाओं की शुरूआत की। बड़े कारोबारी बनने के बाद भी वह सामान्य और सादगी भरा जीवन जीते रहे। उन्होंने आर्य समाज को बढ़ावा देने के लिए खूब कार्य किया। आर्य समाज का बेहतर ढंग से प्रसार करने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि चौ. आर्य ने गोसेवा को अपना मूलमंत्र बनाए रखा। प्रदेश की गोशालाओं को खुलकर आर्थिक मदद दी।

### महापुरुषों को समाज में सदैव मिलता सम्मानः वंदना
भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली ने चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि साधारण व्यक्तित्व के साथ आमजन के लिए भलाई का कार्य करने वाले महापुरुषों को समाज सदैव सम्मान के साथ याद करता है। चौ. मित्रसेन ने समाजसेवा के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य किया था। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में शिक्षा और आर्य समाज के उत्थान को समर्पित कर दिया था। समाज के प्रति उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। हरिभूमि अखबार की स्थापना के साथ ही चौ. मित्रसेन आर्य ने प्रदेश में क्षेत्रीय पत्रकारिता के उदय की नींव रखने का काम किया था।

### पुष्प अर्पित करने वालों में यह रहे शामिल
चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली देने वालों में शिक्षाविद नवीन पोपली, जाट सभा के जिलाध्यक्ष युद्धवीर फौगाट, सोनू , प्रवीण किराड़, हेमंत, धर्मेंद्र सोहलोत, प्रीतम सिंह, अशोक कुमार, व्यापार मंडल के प्रधान राधेश्याम मित्तल व शहर के कई प्रबुद्ध लोग शामिल रहे।


रेवाड़ी। चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रीतम चौहान।

# सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन का अंतिम दिन आज

- परीक्षा ओएमआर आधारित प्रणाली पर होगी
- सामान्य श्रेणी के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन फीस 650 रुपये तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 500 रुपये होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सैनिक स्कूल रेवाड़ी में कक्षा छह व नौवीं में वर्ष 2024-25 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी 2024 को होगी। इसमें प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र 16 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी प्रकार के ऑनलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे। परीक्षा ओएमआर आधारित प्रणाली पर होगी। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड राहुल हड्डा ने बताया कि प्रवेश के लिए कक्षा छह के लिए उम्मीदवारों की आयु 31 मार्च 2024 को 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए, यानी 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2014 के बीच पैदा हुए लड़के व लड़कियां कक्षा छठी में प्रवेश लेने के लिए पात्र होंगे। इसी प्रकार कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए आयु सीमा 31 मार्च 2024 को 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए। 1 अप्रैल 2009 से 31 मार्च 2011 के बीच जन्मे लड़के व लड़कियां कक्षा 9 में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि सामान्य श्रेणी के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन फीस 650 रुपये तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 500 रुपये होगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान सैनिक स्कूल रेवाड़ी में प्रवेश के लिए कक्षा छठी में लगभग 80 सीटें (लडकों के लिए 70 व लड़कियों के लिए 10 सीटें), कक्षा नौवीं में 45 सीटें (लड़ाकों के लिए 41 व लड़कियों के लिए 4 सीटें) उपलब्ध होने की संभावना है। सीटों की वास्तविक संख्या उत्तीर्ण होने वाले कैडेटों की संख्या के आधार पर भिन्न हो सकती है।

## कोसली बार में गजेन्द्र सिंह को 77 व उम्मेद सिंह को 76 मत मिले, एक मत से हुई जीत

# रेवाड़ी में विश्वामित्र, कोसली में गजेन्द्र व बावल में प्रवीण के सिर सजा बार की प्रधानी का ताज


रेवाड़ी। जीत के बाद वकीलों के साथ विक्टी साइन बनाते विश्वामित्र, चुनाव परिणाम के बाद खुशी मनाती महिला वकील। फोटो :हरिभूमि


रेवाड़ी। बार रूम में वोट डालने की प्रक्रिया करते चुनाव अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/बावल/कोसली


प्रवीण कुमार, गजेन्द्र सिंह।


विश्वामित्र, सुरेन्द्रपाल


मनप्रिय यादव, टार्जन यादव


विवेक यादव

- जीत के बाद विजेता अधिवक्ताओं ने समर्थकों के साथ ढोल-नगाड़ों के साथ विजयी जुलुस निकाला

रेवाड़ी, बावल व कोसली में शुक्रवार को बार एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न हो गए। रेवाड़ी में प्रधान पद पर विश्वामित्र यादव व संजय सिंह यादव, कोसली में गजेन्द्र सिंह व उम्मेद सिंह व बावल में प्रवीण कुमार, हरिओम कौशिक व स्वंबर जाट ने बार प्रधान पद पर कब्जा किया। रेवाड़ी में एडवोकेट विश्वामित्र ने संजय सिंह को 229, कोसली में गजेन्द्र सिंह ने उम्मेद सिंह को एक वोट व बावल में प्रवीण कुमार ने स्वंबर जाट को 23 वोटों से शिकस्त दी। रेवाड़ी में उपप्रधान पद पर सुरेन्द्र पाल, सचिव पर मनप्रिय यादव, सह सचिव पर टार्जन यादव व कोषाध्यक्ष पद पर विवेक यादव ने कब्जा किया। बावल में उप प्रधान पद पर भूपेन्द्र, सचिव पर किरण व सह सचिव पर शुभम ने जीत दर्ज की। कोसली बार में उप प्रधान पद पर सतबीर सिंह, सचिव पद पर अभिषेक यादव, सहसचिव पद पर राहुल तथा कोषाध्यक्ष पद पर राजपाल तथा बावल बार में कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट जयपाल पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। जीत के बाद विजेता अधिवक्ताओं ने समर्थकों के साथ ढोल-नगाड़ों के साथ विजयी जुलुस निकाला। सुबह 9 से 4 बजे तक मतदान हुआ, जिसमें रेवाड़ी में ईवीएम तथा बावल व कोसली में बेलट पेपर से चुनाव कराए गए। रेवाड़ी बार चुनाव चुनाव में 1729 में से 1495, कोसली में 157 में से 153 व बावल में 274 में से 265 वकीलों ने मतदान किया। रेवाड़ी बार में चुनाव अधिकारी एडवोकेट अश्वनी तिवारी, सतीश डागर, चौधरी चरण सिंह, चंदन सिंह यादव व नरेश कुमार यादव ने तीन बूथों पर ईवीएम मशीनों से 5 पदों के चुनाव सम्पन्न कराए। बावल एसोसिएशन में चुनाव अधिकारी राहुल जोशी तथा कोसली बार एसोसिएशन में चुनाव अधिकारी कैप्टन शुभम यादव व हरपाल सिंह ढिल्लों की देखरेख में चुनाव कराए गए।


रेवाड़ी। बार रूम में वोट डालने के लिए खड़े वकील। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी बार चुनावः**
कुल मतदाता 1729
डाले गए वोट-1495
प्रधान
विश्वामित्र यादव-862
संजय सिंह यादव633
जीत का अंतर-229
उपप्रधान
सुरेन्द्र पाल-468
सुमन यादव-410
रणबीर सिंह-357
रजनीश शर्मा-260
जीत का अंतर-58
सचिव
मनप्रिय यादव-797
मोहित कुमार -698
जीत का अंतर-99
सह सचिव
टार्जन यादव-858
अनांशु-637
जीत का अंतर-221
कोषाध्यक्ष
विवेक-772
अभिषेक-723
जीत का अंतर-49

**बावल बार कुल**
मतदाता-274
डाले गए वोट-265
प्रधान
प्रवीण कुमार-118
स्वंबर जाट-95
हरिओम कौशिक-51
जीत का अंतर-23
उपप्रधान
भूपेन्द्र-144
अनूप सिंह-120
जीत का अंतर-24
सचिव
किरण-188
सनीता कुमारी-74
जीत का अंतर-114
सह सचिव
शुभम-173
लव भारद्वाज-91
जीत का अंतर-82
कोषाध्यक्ष
एडवोकेट जयपाल-निर्विरोध निर्वाचित।

**कोसली बार कुल**
मतदाता-157
डाले गए वोट-153
प्रधान
गजेन्द्र सिंह-77
उम्मेद सिंह-76
जीत का अंतर-1
उपप्रधान
एडवोकेट सतबीर सिंह-निर्विरोध निर्वाचित।
सचिव
एडवोकेट अभिषेक यादव-निर्विरोध निर्वाचित।
सह सचिव
एडवोकेट राहुल-निर्विरोध निर्वाचित।
कोषाध्यक्ष
एडवोकेट राजपाल-निर्विरोध निर्वाचित।

## सांड के हमले से गंभीर रूप से घायल हुई महिला, स्कूल जाने के लिए कर रही थी वाहन का इंतजार

# सड़क पर यमराज बनकर घूम रहे सांड, महिला लेक्चरर पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से बेसहारा पशुओं को शहर से बाहर छोड़ने के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद पशुओं की संख्या में कमी नहीं आ रही है। सांड आए दिन लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं, परंतु नगर परिषद के अधिकारियों को लोगों की जान की कोई परवाह नहीं है। सांड की जानलेवा हमले से शुक्रवार सुबह एक महिला लेक्चरर गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे रोहतक पीजीआई के लिए रेफर किया गया है। गुजरीवास सीनियर सैकंडरी स्कूल में लेक्चरर के पद पर कार्यरत अनीता देवी भाड़ावास फाटक के पास रहती है। शुक्रवार सुबह घर से स्कूल जाने के लिए भाड़ावास फाटक से कुछ दूरी पर वह वैन आने का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान सड़क पर लड़ रहे दो सांडों ने अनीता को टक्कर मार दी। अनीता बचाव में दूर जाने लगी तो एक सांड ने उस पर हमला कर दिया। अनीता के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उसे सांड से बचाया। सांड के हमले में अनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे हाथ-पैर और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने अनीता को एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया।


रेवाड़ी। महाराणा प्रताप चौक के पास लड़ते सांड। फोटो :हरिभूमि


सांड के हमले से घायल टीचर उपचाराधीन।


रेवाड़ी। नाईवाली चौक पर बीच सड़क पर जमा गोवंश। फोटो :हरिभूमि

### कई बार बना चुके लोगों को शिकार
शहर में बेसहारा पशुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आ रहे हैं। एक पशु को पकड़कर गोशाला तक पहुंचाने के नाम पर ठेकेदार को 1200 रुपये दिए जाते हैं। कोर्ट से लेकर उच्चाधिकारी तक नप अधिकारियों को फटकार लगा चुके हैं, परंतु शहर से ऐसे पशुओं की संख्या में कमी नहीं आ रही। ठेकेदार की ओर से पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजने की औपचारिकता ही पूरी की जाती है। बाद में वही पशु शहर में नजर आने लगते हैं। हर मोहल्ले से लेकर सरकुलर रोड तक पर बड़ी संख्या में पशु नजर आते हैं, परंतु नप के अधिकारियों की नींद नहीं टूट पा रही है।

### कार्यालय के बाहर खड़ी बाइक चोरी
**रेवाड़ी।** सेक्टर-1 में चोर एक कार्यालय के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। कार्यालय में कार्य करने वाले इंद्रा कॉलोनी निवासी अनिल ने बताया कि उसने बाइक कार्यालय के बाहर खड़ी की थी। वह कार्यालय में चला गया। कुछ समय बाद कार्यालय से बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### लूट के प्रयास का तीसरा आरोपी भी काबू
**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने एक व्यापारी को पिस्तौल के बल पर लूटने का प्रयास करने के तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 12 दिसंबर को व्यापारी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। एक आरोपी को लोगों ने खुद ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। बाद में दूसरे आरोपी को काबू किया। अब पुलिस ने तावडू के चिल्ला निवासी फरमान को गिरफ्तार किया है।


एक शेर की दहाड़ इतनी तेज़ होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।


कुत्तों की आबादी के मामले मे अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।



# एम फिल कैसे करें और कैसे बनाएं अपना करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

एम फिल कोर्स के बारे में अधिक विद्यार्थियों को जानकारी नहीं है। इसीलिए आज के इस आर्टिकल में हम आपको एम फिल कोर्स की पूरी जानकारी बताएंगे, जिसके बाद आपको पता चल जाएगा कि एम फिल क्या है। एमफिल कोर्स करने की प्रक्रिया क्या है तथा एम फिल कोर्स में क्या क्या सिखाया जाता है। उसके बाद आप यह तय कर पाएंगे कि एम फिल कोर्स आपको करना चाहिए या नहीं, क्या आप के लिए एम फिल कोर्स बेहतरीन साबित हो सकता है या नहीं। साथ ही आप एम फिल कोर्स के बारे में पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक प्राप्त कर लेंगे और एम फिल कोर्स को करने के बाद होने वाले फायदों के बारे में भी जान लेंगे।

## एम फिल की फुल फॉर्म

एम फिल का फुल फॉर्म मास्टर ऑफ फिलॉस्पी होता है और हिंदी में फिलॉस्पी के तहत मास्टर की डिग्री हासिल करना होता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि एम.फिल एक पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स है। किसी भी स्ट्रीम जैसे साइंस, कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज, लॉ के छात्र टीचिंग कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को आप 2 साल में पूरा कर सकते हैं। इस कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के साथ-साथ थ्योरी भी पढ़ाई जाती है। जिससे विद्यार्थियों को इस विषय में रुचि आने लगती है और वे आगे के चैप्टर को पढ़ने के लिए उत्सुक रहते हैं बता देते हैं कि इस विषय में रिसर्च भी करनी होती है और उसे प्रकाशित भी करना होता है। एम फिल कोर्स करने के बाद अपने सब्जेक्ट में पीएचडी भी कर सकते हैं।



## एम फिल करने के फायदे

एम फिल कोर्स के अंतर्गत निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम को लंबे समय से एक मास्टर डिग्री और पीएचडी कार्यक्रम के बीच एक क्रॉस के रूप में देखा गया है। यह पाठ्यक्रम उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार के निर्माण विभिन्न प्रकार के अनुसंधान की बारीकियों के बारे में ज्ञान देता है। विभिन्न प्रकार के विषय के बारे में छात्रों के मस्तिष्क को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विषय के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के अनुसंधान कौशल को सिखाया जाता है। विभिन्न प्रकार के बड़े पैमाने पर ज्ञान को प्रदर्शित किया जाता है। इसीलिए यह पाठ्यक्रम और यह काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। अगर आप इस परीक्षा को करते हैं तो एक सफल व्यक्ति बन जाते हैं साथ ही आपकी बुद्धि का विकास हो जाता है। एम फिल कोर्स को करने के बाद आप अच्छे वेतन और अन्य विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि एमफिल कोर्स को आप अधिकतम 200000 खर्च करके कर सकते हैं। लेकिन उसके बाद आप प्रतिवर्ष 600000 तक भी आसानी से कमा सकते हैं।

## ऐसे मि

### निर्धारित सब्जेक्ट

एमफिल कोर्स में एक से अधिक विषय हैं। इन अलग-अलग विषयों के आधार पर एमफिल कोर्स को कराया जाता है, जिसमें आपको फिलॉसफी पढ़ाया जाता है इसमें एजुकेशन से लेकर इकोनामिक और मैनेजमेंट से लेकर इंग्लिश तथा साइकोलॉजि भी शामिल है। तो एमफिल कोर्स के लिए निर्धारित किए गए सब्जेक्ट इस प्रकार है —

एम फिल इन साइक्लॉजी
एम फिल इन इकोनोमिक्स
एम फिल इन मैनेजमेंट
एम फिल इन इंग्लिश

### योग्यताएं

आवेदक का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा पास होना चाहिए। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा को किसी भी स्ट्रीम से पास कर सकता है। उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकता है। लेकिन 12वीं कक्षा पास करने के बाद स्नातक की डिग्री का होना आवश्यक है। एमफिल कोर्स करने के लिए स्नातक डिग्री 55% अंक के साथ प्राप्त करनी होगी। इस कोर्स के लिए आवेदन करने वाले आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5% की छूट मिल जाती है। नेट, एसईटी या गेट जैसी परीक्षाएं करने के बाद भी न्यूनतम निर्धारित संख्या में कुछ छूट है। बता देना कि इस कोर्स के लिए आवेदन करने की कोई उम्र सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

### ऐसी रहेगी आवेदन प्रक्रिया

आवेदन करने के लिए सबसे पहले एक विश्वविद्यालय का चयन करें। अब उस विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे। ऑफिशल वेबसाइट पर पंजीकरण करके अपना अकाउंट बनाएं। अब वेबसाइट पर दर्शाए गए सभी को समय से अपने कोर्स का चयन करें। अब आपके सामने एक आवेदन फार्म ओपन हो जाएगा। अब इस आवेदन फार्म को सही ढंग से भरे। आवेदन फार्म में पहुंची हुई सभी जरूरी जानकारी जैसे शैक्षणिक योग्यता, नाम, पता, श्रेणी इत्यादि दर्ज करें।

रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आर्ट्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर

अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आर्ट्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।



### असिस्टेंट लोको पायलट

आर्ट्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है। आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

**रेलवे ग्रुप डी की नौकरी**

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आर्ट्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आर्ट्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आर्ट्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# क्षमताओं को ध्यान में रखकर ही अपने करियर का चयन करें छात्र



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

पॉजिटिव सोच एक शक्तिशाली और महत्वपूर्ण मानव गुण है जो किसी भी क्षेत्र में सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब कोई छात्र अपने करियर का चयन करने के लिए कदम रखता है, तो उसे अपने लक्ष्यों को अपनी क्षमताओं के साथ मेल करना चाहिए। यह सोचना कि मैं क्या कर सकता हूं, बहुत ही महत्वपूर्ण है। व्यक्ति को अपनी क्षमताओं को समझना और स्वीकार करना चाहिए, ताकि उसे वह कार्य मिले जिसमें उसका रुचि हो और जिसमें उसमें समर्थ होने की क्षमता हो। एक छात्र को अपने लक्ष्यों की दिशा में सकारात्मक सोचने से उसे आत्म-समर्थन मिलता है। यह सोच उसे निरंतर उत्साही और संबोधित करती है, जिससे उसकी कार्यक्षमता में सुधार होता है।

## उपयुक्त स्त्रोतों का सही उपयोग करना जरूरी

किसी भी करियर का चयन करना एक महत्वपूर्ण निर्णय है, इसलिए छात्र को अपनी रुचियों, रूचिओं, और रूचिओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए। समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उपयुक्त स्रोतों का सही से उपयोग करना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों, परिवार के सदस्यों, और पेशेवरों से सहायता प्राप्त करना छात्र को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में मदद कर सकता है। कई बार, छात्र अपने आत्मविश्वास को खो बैठते हैं या डर के कारण सही निर्णय नहीं ले पाते हैं। इस स्थिति में, सकारात्मक सोच एक महत्वपूर्ण साथी बन सकती है जो छात्र को उत्साहित करती है और उसे सही मार्ग पर ले जाने में सहायक होती है। यदि छात्र अपनी क्षमताओं को सही तरीके से पहचान लेता है और उन्हें विकसित करता है, तो उसका करियर समृद्धि और संवृद्धि की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। सही मार्ग का चयन करने से छात्र को विभिन्न क्षेत्रों में नए और चुनौतीपूर्ण कार्यों का सामना करने का अवसर मिलता है जिससे उसका व्यक्तिगत और पेशेवर विकास होता है। समाप्त करते समय, यह आवश्यक है कि छात्र अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतछात्र को समाप्त करते समय यह आवश्यक है कि वह अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहे और उन्हें हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। इसमें आत्म-मोटिवेशन, समर्पण, और संघर्ष की भावना समाहित होनी चाहिए। छात्र को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। आत्म-मोटिवेशन की आवश्यकता है ताकि वह अपने क्षमताओं और प्रतिबद्धता के साथ कठिनाइयों का सामना कर सके और हासिल करने के लिए समर्पित रह सके। विफलता का सामना करना स्वाभाविक है, लेकिन इससे हार नहीं मानना चाहिए। संघर्ष एक अविभाज्य हिस्सा है जो सफलता की दिशा में बढ़ने में मदद करता है। लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पण एक अनिवार्य गुण है। छात्र को अपने काम में पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए ताकि उसकी मेहनत में अंत में सफलता मिले।

## आत्म मूल्यांकन जरूरी

समाप्ति के समय, छात्र को आत्म-मूल्यांकन करना चाहिए ताकि वह अपनी साकारात्मकता को बनाए रख सके और अगले कदमों के लिए तैयार रहे। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन निरंतर सहायक होते हैं। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि उसकी सक्सेस की चाबी उसकी सोच और क्रियाओं में छुपी होती है।क्रियाओं में छुपी होती है। आत्म-मोटिवेशन छात्र को उत्साहित रखने में मदद करता है, जिससे उसकी क्षमताएं और स्वाभाविक प्रतिबद्धता बढ़ती हैं। सकारात्मक सोच उसे आत्म-सुधार की दिशा में प्रेरित करती है और उसे कठिनाइयों का सामना करने की ताकत प्रदान करती है। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि सफलता एक प्रक्रिया है, और इसमें समर्पण और स्थिरता की आवश्यकता होती है। लक्ष्यों की प्राप्ति में आत्म-नियंत्रण और सहानुभूति बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। आत्म-मोटिवेशन के माध्यम से, छात्र अपनी सक्सेस की ऊंचाइयों तक पहुँचने के लिए अपनी सीमाएं बढ़ा सकता है। इससे उसमें आत्म-विश्वास बना रहता है और वह अपनी सीमाओं को पार करने के लिए तैयार होता है। सकारात्मक सोच छात्र को आत्म-प्रेरणा प्रदान करती है जिससे उसमें संघर्ष की भावना बनी रहती है। छात्र को यह याद रखना चाहिए कि हर कदम एक नया सिखने का अवसर होता है और हर चुनौती एक मौका है अपनी क्षमताओं को साबित करने का। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन छात्र को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत में सबसे ऊंचा जलप्रपात कौन - सा है ?
(ए) शिमसा जलप्रपात
(बी) होगेनक्कल जलप्रपात
(सी) कोर्टास्लम जलप्रपात
(डी) जोग जलप्रपात

**2.** विश्वविख्यात जोग या गरसोप्पा जलप्रपात किस राज्य में स्थित है ?
(ए) कर्नाटक
(बी) महाराष्ट्र
(सी) आ. प्र.
(डी) केरल

**3.** जोग या गरसोप्पा जलप्रपात का नया नाम क्या है ?
(ए) सरदार पटेल जलप्रपात
(बी) महात्मा गांधी जलप्रपात
(सी) जवाहरलाल नेहरु जलप्रपात
(डी) इंदिरा गांधी जलप्रपात

**4.** जोग जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) शरावती
(बी) कावेरी
(सी) नर्मदा
(डी) चम्बल

**5.** धुआंधार जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) इन्द्रावती
(डी) चम्बल

**6.** कपिल धारा जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) तापी
(बी) शरावती
(सी) नर्मदा
(डी) इन्द्रावती

**7.** शिवसमुद्रम जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा नदी
(बी) कृष्णा नदी
(सी) गोदावरी नदी
(डी) कावेरी नदी

**8.** गोकक जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) कावेरी
(बी) ताम्रपर्णी
(सी) शरावती

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी) 8.(डी)

खबर संक्षेप



## खुले नाले दे रहे हादसों को न्योता

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के दोनों ओर बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले हादसों के कारण बन रहे है। एनएच-48 पर वर्तमान में कापड़ीवास बॉर्डर से जयसिंहपुर खेड़ा तक सर्विस लाइन के नवनिर्माण के साथ ही इन नालों के छंटाई व साफ-सफाई के साथ ही हाइवे के सभी खुले कटों को बंद करने का कार्य किया जा है,नालों के लंबे समय से खुले रहने के व सड़क से एक लेवल में होने कारण वाहनों के टायर इन नालों में चले जाते हैं, जिसकी वजह से कई बार हादसे हो चुके है।

## मेजर जनरल ने किया राव तुलाराम स्टेडियम का दौरा

**रेवाड़ी।** एडिशनल महानिदेशक भर्ती जोन अंबाला मेजर जनरल केपी सिंह, विशिष्ट सेवा मेडल ने राव तुलाराम स्टेडियम में चल रही भर्ती रैली का निरीक्षण किया। नए नियमों की काफी सराहना की और बताया कि पहली बार तिरछी लाइन से स्टार्ट, बड़ी स्टॉप वॉच और दौड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए नई बनियान का उपयोग किया जा रहा है। रैली 17 तक चार जिलों चरखी दादरी, भिवानी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी के ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन में पास हुए उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जा रही है।

### योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थी

# गांवों में पहुंचने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत

### विभिन्न विभागों ने स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद शुक्रवार को गांव मालाहेड़ा, ततारपुर इस्तमुरार, बलवाड़ी, बनीपुर, बेरली कलां, बव्वा, बिटौड़ी व बोहतवास अहीर में पहुंची और लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी।

कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव बेरली कलां व बव्वा में वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव, गांव बिटौड़ी में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मास्टर हुकम चंद यादव व गांव बोहतवास अहीर में पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव व पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा रामपाल यादव, गांव मालाहेड़ा व ततारपुर इस्तमुरार में भाजपा नेता किसान मोर्चा रामपाल यादव ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव व पीपीपी कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला की भी उपस्थित रही।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। कैंप में जांच करते हुए बुजुर्ग। फोटो : हरिभूमि

### किसानों की प्रगति सुनिश्चित कर रही सरकार

भाजपा नेता किसान मोर्चा रामपाल यादव ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार निरंतर नवाचार और नई-नई पहलों के माध्यम से किसानों की प्रगति सुनिश्चित कर रही है। बीज से बाजार तक अवधारणा के अनुरूप सरकार किसानों को उत्तम बीजों के वितरण से लेकर उनकी फसल खरीद के लिए बाजार तक पहुंच की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान परिवार से हैं, वह किसानों का संघर्ष और उनकी समस्याओं से भलि-भांति अवगत हैं। राज्य सरकार ने किसानों को उचित दर पर गुणवत्ता प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।



रेवाड़ी। गोद भराई करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### समाज के हर व्यक्ति का विकास ही सरकार का लक्ष्य: बिक्रम

पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास करने का जो दृढ़ संकल्प लिया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राजनीति में राष्ट्र धर्म का विशेष महत्व होता है। राष्ट्र धर्म कहता है कि राष्ट्र की रक्षा, संप्रभुता, एकता, और सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि राजा को अपने परिवार का मोह छोडकर सम्पूर्ण प्रजा की समान रूप से चिंता करनी चाहिए। इस विचार को हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सही मायनों में साकार किया है। समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति का विकास ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का परम लक्ष्य है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मास्टर हुकम चंद यादव ने कहा कि सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है।

### वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील सरकार

हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पिछले 9 साल से निरंतर गरीबों के हक के लिए न केवल संघर्षरत हैं, बल्कि उन्होंने प्रदेश में ऐसी योजनाएं लागू भी की हैं, जिन्हें गरीब हितकारी कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। इस मौके पर 5 पेंशन लाभार्थियों, 10 बीपीएल कार्ड, 2 गोद भराई व 150 लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। अतिथियों ने विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया।

इस अवसर पर बरेली कलां सरपंच प्रतिनिधि रिंकू बोस, बेरली मंडल अध्यक्ष दयानंद सोनू, नाहड़ ब्लॉक समिति चेयरमैन दुष्यंत यादव, तालाब व जल प्राधिकरण सदस्य रमेश शर्मा जाटूसाना ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, बीडीपीओ अंकित चौहान, एसडीओ हरीश चौहान, बीईओ राजकुमार जलवा, एसडीओ बिजली बोर्ड परीक्षित, भाजपा नेता रामपाल यादव, डा. भानु, भूप सिंह, राममेहर, रामकुमार, रामकरण, सरपंच उगन्ता देवी, अजय कुमार, बिजेंद्र संयोजक, कृष्ण कुमार मण्डल महामंत्री आदि मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर नर्सिंग स्टॉफ का काले बैज लगाकर रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नर्सिंग कैडर एसोसिएशन ने शुक्रवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर नागरिक अस्पताल में काले बैज लगाकर रोष प्रदर्शन किया तथा स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से सरकार के नाम ज्ञापन भी सौंपा। एसोसिएशन की ओर से नर्सिंग कैडर से संबंधित मांगों को लेकर समय-समय पर स्वास्थ्य अधिकारियों और सरकार को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन विभाग और सरकार ने अभी तक इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नर्सिंग कैडर में गहरा रोष व्याप्त है। 11 दिसंबर को रोहतक सर्किट हाउस में हरियाणा के सभी मेडिकल कॉलेज एसोसिएशन, पीजीआई नर्सिंग एसोसिएशन व नर्सिंग एसोसिएशन ने एक मंच पर रोष जाहिर करते हुए 15 दिसंबर से 20 दिसंबर तक हरियाणा के सभी अस्पतालों में काले बैज लगाकर कार्य करने का प्रस्ताव पास किया गया है। नर्सिंग एसोसिएशन की जिला प्रधान निर्मला ने बताया कि अगर समय रहते सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो 21 दिसंबर को राज्य कार्यकारिणी की बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस मौके पर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सरोज व राजबाला सहित काफी संख्या में नर्सिंग स्टाफ मौजूद था।



रेवाड़ी। ज्ञापन सौंपते हुए नर्सिंग स्टॉफ।



रेवाड़ी। विजेता टीम शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### आसियाकी पांचौर सांपली स्कूल बना विजेता

**बावल।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत गीता पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के पांच शैक्षणिक खंडों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों ने भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आसियाकी पांचौर सांपली की टीम में कक्षा 12वीं से महक व नेहा और कक्षा 9वीं से ज्योति ने इतिहास प्रवक्ता हरपाल सिंह के मार्गदर्शन में बावल खंड का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में सर्वप्रथम सभी टीमों का स्क्रीनिंग टेस्ट लिया गया और सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमों का चयन मुख्य राउंड की प्रश्नोत्तरी के लिए किया गया। रावमावि आसियाकी पांचौर सांपली की टीम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर मुख्य राउंड की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रवेश किया। भगवान श्रीकृष्ण की ओर से अर्जुन को दिए गए गीताज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के 5 राउंड में तीन टीमें सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बराबरी पर रही, जिसके बाद टाई ब्रेकर राउंड कराया गया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आसियाकी पांचौर सांपली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



रेवाड़ी। भारत माता के चित्र भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पढ़ाई, खेल या अन्य हुनर का अभ्यास जरूरी

**रेवाड़ी।** वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन संस्था कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर व शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल ने कहा कि हमें जीवन में वही मिलता है, जिसके हम योग्य होते हैं। पाकिस्तान से खाली हाथ आए महाशय धर्मपाल ने अपनी शुरूआत दिल्ली में तांगा चलाने व मेहनत मजदूरी करने से की। दिन रात की मेहनत से आज एमडीएच का सफल ब्रांड बन गया, जिससे हजारों नवयुवकों को रोजगार मिलता है। पढ़ाई हो, खेल हो या कोई अन्य हुनर हो सभी में निरंतर अभ्यास की आवश्यकता है। इस मौके पर देव, जितेन, अक्षय, कपिल, गौरव, संदीप, वर्षा, दीपू, मनीष, तमन्ना, मुस्कान, रितिका शर्मा, सक्षम, प्रिया, महेश व तनीषा मौजूद थे।

# केंद्रीय विद्यालय में मनाई डायमंड जुबली

■ वार्षिक खेल उत्सव में अनेक खेलों में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन के 60 वर्ष पूर्ण करने पर डायमंड जुबली स्थापना दिवस तथा वार्षिक खेल उत्सव समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। एसडीएम होशियार सिंह कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे। विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य भी उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य बीर सिंह ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंटकर स्वागत किया। अन्य अतिथियों को कार्ड व पुष्पगुच्छ भेंट किए गए। मुख्यातिथि के दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य बीरसिंह ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत के पश्चात कक्षा सातवीं तथा 11वीं के विद्यार्थियों ने 'आयो रे आयो रे, शुभ दिन आयो रे' गीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। केंद्रीय विद्यालय संगठन के 60वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने केवीएस गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थियों ने मराठी नृत्य तथा कक्षा 5 के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने तेलंगाना से सभी का मंत्रमुग्ध किया। रसायन विभाग की शिक्षिका गीता ने गीत के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा 6 व कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी व पंजाबी नृत्य करके तालियां बटौरी।

मुख्य अतिथि एसडीएम ने मशाल प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। बच्चों के लिए कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग के आधार पर विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर दौड़, लांग जंप व रिले रेस शामिल रही। मुख्यातिथि व प्राचार्य ने शैक्षिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा सत्र 2022-23 में कक्षा 10वीं व 12वीं में उच्च स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि एसडीएम होशियार सिंह ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस पर सभी को बधाई दी।





रेवाड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते एसडीएम व प्राचार्य व कार्यक्रम में डांस करते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## दो के साथ मारपीट, पांच के खिलाफ केस दर्ज

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने एक दुकानदार सहित दो लोगों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस बयान में मनेठी निवासी सनीज यादव ने बताया उसकी कुंड बस स्टैंड पर दुकान है। उसके गांव का अनूप दुकान पर बैठा हुआ था। एक गाड़ी ने उसकी दुकान के सामने से कई बार चक्कर लगाए। गाड़ी में वरूण, भरतेश, शुभम, कोकल व अशोक थे। उनका इरादा भांपकर उसने अनूप को दुकान के अंदर भेज दिया। इसके बाद पांचों ने वहां आकर अनूप को पीटना शुरू कर दिया। बचाव करने पर इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की।

### युवाओं को नशे की बुराई से दूर रखना पुलिस का उद्देश्य: एसएचओ

**रेवाड़ी।** हरियाणा उदय मुहिम के तहत जिला पुलिस की ओर से गांव गोकलगढ़ में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी गई। पुलिस की ओर से जिले में नशा विरोधी अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना सदर एसएचओ शिव दर्शन, एएसआई कमल सिंह, गांव गोकलगढ़ के पूर्व सरपंच राम किशन, पूर्व सरपंच हरफूल तथा गांव के अन्य मौजिज व्यक्ति व खिलाड़ी मौजूद थे। एसएचओ ने सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने लोगों से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा नशे की दलदल से बचे तथा देश व समाज के निर्माण में अहम योगदान दे। खेल प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना है ताकि वह शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सकें।



रेवाड़ी। एसएचओ के साथ खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### सिगरेट व तंबाकू के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं अधिकारी: एडीसी

**रेवाड़ी।** एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को विभागों के अधिकारियों को जिले में सिगरेट व तंबाकू के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों पर रोक लगाएं और उनके चालान करें। उन्होंने कहा कि बारे व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया जाए। शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रमों को लेकर विशेष कार्य योजना तैयार की जाए। एडीसी पाटिल जिला सचिवालय में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) और एनडीपीएस एक्ट को लेकर आयोजित बैठक में जरूरी दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध है और पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति पर 200 रुपए जुर्माने का प्रावधान है।




रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

### जनवरी में पीएम नरेंद्र मोदी कर सकते हैं शिलान्यास

# एम्स पर सीएम का सकारात्मक संकेत, निर्माण प्रक्रिया जल्द होगी पूरी

नरेन्द्र वत्स. रेवाड़ी

माजरा एम्स के निर्माण को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह गंभीर है। इस बात के संकेत सीएम मनोहरलाल ने शुक्रवार को सदन में विपक्षी विधायक के सवाल के जवाब में दे दिए। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि एम्स निर्माण शुरू कराने की दिशा में प्रक्रिया चल रही है। यह बात और है कि उन्होंने अभी शिलान्यास को लेकर समय सीमा नहीं बताई, परंतु शिलान्यास के बिना भी निर्माणकार्य शुरू हो सकता है। इस समय एम्स की चारदीवारी का कार्य प्रगति पर है। बिल्डिंग निर्माण शुरू कराने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रक्रिया शुरू की हुई है। शुक्रवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक कांग्रेसी विधायक ने माजरा एम्स को लेकर सदन में प्रश्न रखा था। उसके जवाब में सीएम मनोहरलाल ने कहा कि सरकार जमीन खरीदने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर चुकी है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण भी जल्द शुरू कराया जाएगा। इससे यह साफ हो गया है कि सरकार एम्स निर्माण के मामले में पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार एम्स को लेकर केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एम्स की प्रक्रिया को आगे बढ़ रही है। सीएम मनोहरलाल पूर्व में पीएम मोदी को एम्स के शिलान्यास के लिए हरियाणा आमंत्रित कर चुके हैं, लेकिन टेंडर की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिए बिना शिलान्यास कराना उचित नहीं माना जा रहा है। कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडविया से इस मामले में मुलाकात कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार सरकार बिल्डिंग निर्माण के लिए वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद ही पीएम मोदी के हाथों शिलान्यास कराएगी, ताकि शिलान्यास के साथ ही बिल्डिंग निर्माण का कार्य तत्काल शुरू कराया जा सके। विपक्ष एम्स को मुद्दा बनाकर सत्तापक्ष को घेरने का प्रयास कर रहा है, तो दूसरी ओर एम्स संघर्ष समिति का आंदोलन लगातार जारी है। समिति की ओर से अब शिलान्यास से लेकर एम्स की कक्षाएं व ओपीडी शुरू कराने के लिए कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल पर दबाव बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



रेवाड़ी। एम्स की जमीन पर चल रहा चारदीवारी निर्माण का कार्य।

### उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रहा संस्थान

सीएम मनोहरलाल ने वर्ष 2015 में कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल के संयोजन में बावल में आयोजित रैली में मनेठी में एम्स खोलने की घोषणा की थी। इसके बाद एम्स को लेकर उतार-चढ़ाव लगातार आते रहे। मनेठी की पंचायती जमीन पर केंद्र सरकार की वन एवं पर्यावरण समिति ने एम्स की संभावनाओं पर पानी फेर दिया था। इसके बाद माजरा के ग्रामीण इस प्रोजेक्ट को क्षेत्र में ही रखने के लिए अपनी जमीन देने के लिए तैयार हो गए थे। जमीन की कीमत को लेकर भी काफी दिनों से सरकार और भूमालिकों के बीच सहमति नहीं बन सकी थी। इसके बाद कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के राजनीतिक सलाहकार रवि यादव ने बीच का रास्ता निकालते हुए किसानों को जमीन देने के लिए तैयार किया था।

### चारदीवारी का निर्माणकार्य प्रगति पर

एम्स की चारदीवारी का टेंडर पहले ही हो चुका है। इसके बाद अब ठेका लेने वाली कंपनी ने चारदीवारी का निर्माणकार्य तेज कर दिया है। लगभग 200 एकड़ जमीन की चारदीवारी करने में समय लगेगा। चारदीवारी को लेकर भी एम्स संघर्ष समिति मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर चुकी है, परंतु धरातल पर चारदीवारी निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। एम्स के शिलान्यास को लेकर क्षेत्र के लोगों निगाहें टिकी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार जनवरी माह में शिलान्यास कराया जा सकता है, परंतु कार्यक्रम को किसी नेता विशेष तक सीमित नहीं रखा जाएगा। शिलान्यास का कार्यक्रम सीएम की अगुवाई में ही होना तय है।







रेवाड़ी। हड़ताल के दौरान कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## छंटनी किए गए 3480 कर्मचारियों को काम पर वापस लेने की मांग

**रेवाड़ी।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की टूल व पैन डाउन हड़ताल दूसरे दिन भी नगर परिषद कार्यालय के बाहर जारी रही। शुक्रवार को हड़ताल की अध्यक्षता जिला प्रधान ईश्वर सिंह बोड़वाल ने की। इस अवसर पर राज्य महिला सब कमेटी के नेता पूनम देवी व नेता रेखा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला प्रधान बोड़वाल व पूनम ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार कर्मचारी आंदोलन को अनदेखा व अनसुना कर रही है। कर्मचारी पिछले काफी लंबे समय से आंदोलन पर है, लेकिन सरकार उनकी मांगों के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखा रही है। अगर सरकार ने संघ की ओर से दिए गए 24 सूत्रीय मांग पत्र का जल्द समाधान नहीं किया तो राज्य कमेटी के आह्वान पर आंदोलन को तेज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने दुल्हेड़ा कलां में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 9 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने नितिन और सुमनलता को इस मामले में गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अवैध शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शास्त्री नगर निवासी असबीर मोहल्ले में शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से अवैध शराब की 23 बातल बरामद की गईं। आरोपी खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक पकड़ा

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए एक गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 3 दिसंबर को कसोला चौक के पास हादसे को अंजाम देने के बाद चालक फरार हो गया था। पुलिस ने जांच करते हुए दिल्ली के दयालपुर निवासी निखिल गौतम को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सरदार पटेल को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में लोह पुरूष सरदार वल्लभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर विद्रोही ने कहा कि सरदार पटेल ने आजादी आंदोलन से लेकर आजादी के बाद भी राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान दिया था। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका सत्याग्रह आज भी स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है।

### आज 6 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**कोसली।** कोसली बिजली निगम के 132 केवी सब स्टेशन में मरम्मत कार्य के कारण सभी 11 केवी फीडरों में 16 दिसंबर को प्रातः 9 से 3 बजे तक 6 घंटे बिजली बाधिक रहेगी। उपमंडल अधिकारी आशीष कुमार व सब स्टेशन अभियंता सोमबीर ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते कोसली गांव, भाकली गांव, रेलवे स्टेशन, छव्वा, नठेड़ा व कृषि क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### जीवन का मधुर संगीत भगवत गीता कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में प्रभु चरणों में समर्पण का कार्यक्रम जीवन का मधुर संगीत भगवत गीता का आयोजन 17 दिसंबर को पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि सुनील ग्रोवर जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मुख्यातिथि व मुकेश कुमारी प्रधान सेक्टर-4 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विशिष्टातिथि रहेंगी। एडवोकेट सुनील भार्गव चेयरमैन सीएलजी कमेटी, डा. दुष्यंत कुमार प्राचार्य राजकीय सीसै स्कूल बिठवाना व समाजसेवी आदर्श राजपाल को अभिनंदन किया जाएगा।

### जेएनवी में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन कल

**रेवाड़ी।** नैचाना स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार 17 दिसंबर को एल्युमिनी मीट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भूतपूर्व विद्यार्थी जो जवाहर नवोदय विद्यालय से अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण कर राजनीति, शिक्षा, समाज सेवा, चिकित्सा, अभियांत्रिकी व प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं, अपने अनुभव को साझा करेंगे और विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करेंगें। जेएनवी प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर निकले विद्यार्थी देश एवं विदेश में विभिन्न सेवाओं में कार्यरत हैं। एल्युमिनी मीट में बैच 2005 की समस्त गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### राज्य स्तरीय बाल महोत्सव का समापन

# विद्यार्थियों ने बेस्ट ड्रामेबाज, फैंसी ड्रेस व थियेटर प्ले में दिखाई प्रतिभा







रेवाड़ी। बेस्ट ड्रामेबाज की प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी तथा वन एक्ट प्ले का मंचन करते विद्यार्थी और बेस्ट ड्रामेबाज की प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

- विजेता बच्चों व स्कूलों को प्रथम व द्वितीय वर्ग में ट्रॉफी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान में चल रहे राज्य स्तरीय बाल महोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। शुक्रवार को बाल भवन के चा स्टेजों पर बैस्ट ड्रामेबाज प्रथम व द्वितीय वर्ग, प्रश्नोत्तरी द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग, फैंसी ड्रैस प्रथम वर्ग तथा चतुर्थ वर्ग की वन एक्ट प्ले प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज यादव रिटायर्ड ईओ नगर परिषद थे। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। शुक्रवार को विभिन्न वर्गों के 348 बच्चों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मुख्य अतिथि ने सभी मंचों पर चल रहे कार्यक्रमों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इन चार दिनों तक चले राज्य स्तरीय बाल महोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस में बच्चों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों से संदेश दिए। नाटकों के माध्यम से नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं अन्य सामाजिक विषयों पर प्रस्तुति बेहद सराहनीय रही। कार्यक्रम में जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले विजेता बच्चों व स्कूलों को प्रथम व द्वितीय वर्ग में ट्रॉफी दी गई। प्रथम और द्वितीय वर्ग में ओवरऑल ट्रॉफी आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल रेवाड़ी व रनरअप ट्राफी पर अनेजा किडोज ने कब्जा किया। सांत्वना स्थान पर कैनाल वैली पब्लिक स्कूल बेरली, यूरो इंटरनेशनल स्कूल धारूहेड़ा व आरडीएस स्कूल धारूहेड़ा को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र मंडल स्तरीय अधिकारी, अनिल मोरवाल एपीओ, प्रवीन यादव लेखाकार,रोशनी देवी, मुग्धा यादव, अशोक कुमार, जोगेन्द्र कुमार, अमित कुमार, सुकरम, मनोज डोगरा, अनिल शर्मा व अमित कुमार सहित बाल भवन का समस्त स्टॉफ मौजूद था।



रेवाड़ी। फैंसी ड्रेस में भाग लेते प्रतिभागी।





रेवाड़ी। बेस्ट ड्रामेबाज की प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी तथा फैंसी ड्रेस में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि





रेवाड़ी। रनरअप ट्राफी लेते हुए अनेजा किडोज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

**प्रश्नोत्तरी**-ग्रुप-2 में रिद्धम व समीक्षा राज स्कूल प्रथम, लव व आदित्य फतेहाबाद द्वितीय तथा छवि व विशेष झज्जर तथा हरनायत व तविशा सिरसा तृतीय स्थान पर रहे। गुरप-3 में अरुज व इक्शित आरडीएस धारूहेड़ा प्रथम, साहिल व कुनाल रोहतक द्वितीय व अमन व खुशी कैथल तृतीय। चतुर्थ वर्ग में सिमरन व कशिश महेन्द्रगढ़ प्रथम, विवेक व प्रमोद नूंह द्वितीय व कोमल व निधि पानीपत तृतीय।
**बेस्ट ड्रामेबाज ग्रुप-1**: भिवानी से माहिरा प्रथम, झज्जर से मुकुल द्वितीय व रेवाड़ी से जिगेस तृतीय।
**फैंसी ड्रेस ग्रुप-1**: चरखी दादरी ने सोफिया प्रथम, रेवाड़ी से यासिका द्वितीय व अंबाला से युवांश तृतीय।

# कन्या जन्म पर कुआं पूजन कर खुशी मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव गिंदोखर में नगेंद्र यादव के घर कन्या का जन्म होने पर कुआं पूजन व प्रतिभोज का आयोजन किया गया। नवजात कन्या की माता पूजा यादव ने कन्या पूजन की सभी रस्में निभाते हुए बताया कि कन्या का जन्म होने पर घर में खुशी का माहौल हैं। नवजात कन्या के दादा महावीर सिंह व दादी सुनीता ने सभी पारंपरिक रीति रिवाजों का निर्वहन करते हुए सहभोज कर धूमधाम से कुंआ पूजन करवाकर समाज को लड़का लड़की में भेदभाव खत्म करने का संदेश दिया। नवजात कन्या के नाना दारा सिंह ने कहा कि आज के समय बेटा-बेटी में कोई फर्क नहीं हैं।



रेवाड़ी। कुआं पूजन करते हुए महिलाएं।

# एचएसवीपी ने हटवाया था अतिक्रमण, दो सप्ताह बाद फिर किया

- हरकतों से बाज नहीं आ रहे अतिक्रमणकारी, इस बार प्राधिकरण ने नहीं दी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की आदत डाल चुके लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। गत 6 नवंबर को कोर्ट के पास जो जमीन एचएसवीपी ने खाली कराई थी, उस पर फिर से अतिक्रमण कर लिया गया। एचएसवीपी ने किसी तरह की ढील दिए बिना पुलिसबल की मौजूदगी में दोबारा अतिक्रमण हटवा दिया। एचएसवीपी के अधिकारियों ने चेतावनी दी कि है कि अगर फिर से जमीन पर अतिक्रमण किया गया, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बावल रोड पर गाड़िया लुहारों ने काफी समय से कोर्ट के पीछे एचएसवीपी की जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ था। मानसून सीजन में एचएसवीपी ने अतिक्रमण हटवाने का प्रयास किया, तो भाजपा नेता डा. अरविंद यादव ने बरसात का सीजन होने का हवाला देते हुए कार्रवाई रुकवा दी थी। अधिकारियों ने 6 नवंबर को पुलिसबल के साथ जेसीबी से अतिक्रमण साफ करा दिया था। कुछ समय बाद ही लुहारों ने उसी जमीन पर तंबू लगाकर अतिक्रमण कर लिया। रेहड़ी लगाने वाले दुकानदारों ने भी फिर से जमीन पर कब्जा जमा लिया। एचएसवीपी को अतिक्रमण हटवाने के लिए 20 दिन में दूसरी बार कार्रवाई करनी पड़ी।

**दूसरी बार चलानी पड़ी जेसीबी**



रेवाड़ी। जेसीबी से कब्जा हटवाती एचएसवीपी तथा मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी।



### पुलिसबल की मौजूदगी में नहीं हुआ विरोध

एचएसवीपी के अधिकारियों ने अतिक्रमण करने वाले लोगों को एक दिन पहले ही सूचना दे दी थी कि या तो वह अपना सामान खुद हटा लें या फिर प्राधिकरण जेसीबी मशीन से जमीन को साफ करा देगा। इसके बाद भी कई लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। शुक्रवार दोपहर एचएसवीपी के अधिकारी पुलिसबल और जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचे। जेसीसी से जमीन को खाली करा करा दिया। पुलिसबल मौजूद होने के कारण इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। विभाग के जेई अमित कुमार ने चेतावनी दी है कि अगर इस जमीन पर फिर से अतिक्रमण का प्रयास किया गया, तो प्राधिकरण की ओर से पुलिस कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# राव खेमचंद स्कूल की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिल्ली रोड स्थित बाउंटरा लिबरल इंटरनेशनल स्मार्ट स्कूल में दो दिवसीय इंटर स्कूल बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों का तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रगतियोगिता में राव प्रहलाद सिंह स्कूल, जैन पब्लिक स्कूल, कैंब्रिज स्कूल, जीडी गोयंका स्कूल, डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल, राव खेमचंद स्कूल व दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर-14 लड़कों में राव खेमचंद स्कूल की टीम ने प्रथम, डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल ने द्वितीय व जैन पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 लड़कियों में जीडी गोयंका स्कूल ने प्रथम, डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा बाउंटरा लिबरल इंटरनेशनल स्मार्ट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर-17 लड़कों में राव प्रहलाद सिंह पब्लिक स्कूल ने प्रथम, बाउंटरा स्कूल ने द्वितीय व कैंब्रिज स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 लड़कियों में राव प्रहलाद सिंह स्कूल ने प्रथम, बाउंटरा स्कूल ने द्वितीय व डॉन बॉस्कों स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र व मेडल वितरित किए गए। ब्लिस बाउंटरा लिबरल स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।



रेवाड़ी। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- इंटर स्कूल बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन

### सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए

**रेवाड़ी।** गांव कनूका में रोटरी क्लब की ओर से संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर शुक्रवार को प्रशिक्षण के प्रथम चरण के बैच के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण केंद्र पर प्रथम चरण में 15 महिलाओं व छात्राओं को 6 माह का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरपंच जयवीर योगी ने प्रशिक्षुओं को सर्टिफिकेट वितरित किए। इस मौके पर ब्लॉक समिति सदस्य रणजीत चौहान, केंद्र संचालिका आशा, बाबा कुंदनदास जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश कुमार, जिले सिंह, दिनेश कुमार, मैनपाल, शेरसिंह चौहान, श्योताज भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

बाबा काला मुंहवाला क्रिकेट क्लब व ग्रामवासियों की ओर से राजीव गांधी खेल परिसर नेहरूगढ़ में चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। गांव के सरपंच आशीष प्रजापति ने बतौर मुख्यातिथि टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आपसी भाईचारा कायम रहता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना व ईमानदारी से खेल खेलने की अपील की। इस मौके पर सुभाष यादव पंच, भूपसिंह पंच, नरेश गोस्वामी, दिनेश, आशीष यादव, हरिसिंह व मनोज सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। क्लब के प्रधान आजाद यादव एवं रविंद्र ने बताया कि टूर्नामेंट में रेवाड़ी व भिवानी सहित करीब 20 जिलों से टीमें पहुंच चुकी हैं। विजेता प्रथम टीम को 21000, द्वितीय को 11000 व तृतीय टीम को 5100 का नकद इनाम दिया जाएगा। पहला मुकाबला झाल व मूसेपुर के बीच खेला गया, जिसमें झाल की टीम विजयी रही। दूसरा मैच तीसा गांवड़ी व करीरा के बीच रहा, जिसमें करीरा ने जीत हासिल की। नाहड़ व बव्वा के बीच मैच में नाहड़ विजयी रहा। धन्ना व गामड़ी टीम के बीच में गामड़ी ने जीत हासिल की। बी पूल में झाल तथा दखोरा के बीच मैच हुआ, जिसमें दखोरा विजयी रहा। कॉलोनी गामड़ी व तीसा गामड़ी के बीच मैच में कॉलोनी गामड़ी विजयी रहा। जुड्डी व धनिया के क्रिकेट मैच में धनिया की टीम तथा जावरा व गामड़ी के बीच मैच में जावरा विजयी रहा।



रेवाड़ी। टूर्नामेंट में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### मौसम साफ रहने से सूखी ठंड पड़ने की संभावना

# चार दिन बाद गिरा रात का पारा, कड़ाके की ठंड के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सप्ताह में दूसरी बार रात का तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस पर आया है, जिससे कड़ाके की ठंड शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। दिन के तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम इस समय साफ चल रहा है, जिससे सूखी ठंड जल्द लोगों की कंपकंपी छुड़ाने का काम कर सकती है। बढ़ती ठंड रबी की फसलों के लिए काफी फायदेमंद है। अभी जल्द बरसात के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। गत सोमवार को सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके बाद तापमान बढ़ गया था। गत वर्ष 15 दिसंबर के दिन न्यूनतम तापमान 6.2 और अधिकतम 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात के तापमान में आने वाली कमी सर्दी का प्रकोप बढ़ाने का काम करेगी। सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण लगातार दूसरे दिन भी कोहरे से राहत मिली रही, जिससे सड़क यातायात पर असर नहीं पड़ा। शाम के समय आसमान में आंशिक बादल छा गए, जिससे शनिवार को एक बार फिर से कोहरा छाने की संभावना बन गई है। शुक्रवार को देर सायं कई इलाकों में हल्का कोहरा छा गया था। दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में सर्दी अपने चरम में आनी शुरू हो जाएगी, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा। बिजली के उपकरणों का उपयोग भी बढ़ना शुरू हो जाएगा, जिससे बिजली की खपत बढ़ने लगेगी।



रेवाड़ी। एक खेत में गेहूं की फसल में चल रहे फव्वारे। फोटो : हरिभूमि

### गेहूं की फसल में अच्छा फुटाव

मौसम अनुकूल रहने के कारण रबी की फसलों में तेजी से विकास हो रहा है। जिले में 75 हजार हेक्टेयर भूमि पर सरसों और 35 हजार पर गेहूं की फसल रौनक पर नजर आ रही है। गेहूं की फसल में जबरदस्त फुटाव आ रहा है, जिस कारण गेहूं के अच्छे उत्पादन की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बरसात नहीं होने की सूरत में किसानों को गेहूं की फसल की नियमित रूप से सिंचाई करनी चाहिए। सरसों की अगेती फसल को भी पाला जमने की स्थिति में सिंचाई की जरूरत पड़ेगी।



रेवाड़ी। विजेता खिलाड़ी चेयरपर्सन व स्टॉफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

### स्पोर्ट्स-डे पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित आरपीएस पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स-डे का हर्षोल्लास से आयोजन किया गया। इस अंतर सदनीय खेल प्रतियोगिता में अब्दुल कलाम सदन, कल्पना चावला सदन, रामानुजन सदन और मदर टेरेसा सदन के माध्यमिक विभाग के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभांरभ मुख्य अतिथि चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव, प्रधानाचार्य विक्रम यादव, डीन राकेश वशिष्ठ, शैक्षणिक डीन ईश ढींगरा तथा विभाग अध्यक्षा सुनीता यादव व सुमन यादव ने किया। इस अवसर पर फुटबॉल, बैडमिंटन, खो-खो, बैलून रेस, बॉस्केटबॉल, रस्साकशी, बोरा दौड़, रिले रेस, 100 मीटर दौड़, थ्री लेग रेस व शॉट पुट प्रतियोगिता आयोजित की गई। चेयरपर्सन डा. राव व स्टॉफ ने विजेता प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अपना विशेष महत्त्व है। खेलों से छात्रों का शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है।